## हर शिकायत पर ध्यान देना जरूरी : कलेक्टर

### समय सीमा बैठक आयोजित



**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 30 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी आवेदकों का शासकीय विभागों से जुड़ा कार्य समय सीमा में नियमानुसार रूप से संपन्न हो। आवेदकों को अपने कार्य के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी शिकायत बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर न पहुंचे तथा प्रत्येक लेबल पर अपडेट फॉलोअप दर्ज किया जाए।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती तथा बटवारे के प्रकरणों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अभियान मोड में समग्र ई-केवायसी के लिए लंबित प्रकरणों को पूरा करने के निर्देश सभी सीईओ जनपदों एवं सीएमओ नगरपालिका को दिया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने शासन के निर्देशानुसार जून, जुलाई, अगस्त माह के लिए वितरित खाद्यान्न के वितरण प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही साथ स्कूलों के मध्यान्ह भोजन, आंगनवाड़ी केन्द्रों के पोषण आहार के लिए खाद्यान्न के उठाव की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने शासकीय विद्यालयों के बालक-बालिका शौचालय आदि की मरम्मत की प्रगति की जानकारी लेकर भी त्वरित रूप से मरम्मत कार्यवाही करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को दिये गए हैं।

## पर्यावरण संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेदारी

### ज्ञानोदय विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**सागर, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित तिली क्षेत्र स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल की गई। विद्यालय परिसर में संभागीय उपायुक्त श्री जे पी सरवटे व प्राचार्य महेश कुमार सोनी के अतिथ्य में उच्च माध्यमिक शिक्षक महेन्द्र कुमार लोधी ने अपने 51वें जन्मदिन पर 51 पौधे लगाकर इस दिन को यादगार बनाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय परिवार नें उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय उपायुक्त श्री सरवटे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण देने का महत्वपूर्ण कार्य है। हमें इस तरह के कार्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। वृक्षारोपण उपरान्त उनका संरक्षण भी जरूरी है।

शीशम, अर्जुन, कदम्ब, मुनगा, आम, आंवला, गोलमुहर, नीम आदि के कुल 51 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण हेतु पौधों की व्यवस्था एवं गड्ढों की खुदाई का कार्य शिक्षक महेन्द्र लोधी ने स्वयं पूर्ववर्ती रविवार को ही कर लिया था। श्री लोधी प्रतिवर्ष अपने जन्मदिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज को देते आ रहे हैं।

इस कार्यक्रम में संभागीय उपायुक्त जे पी सवटे, प्राचार्य महेश कुमार सोनी सहित शिक्षक शिवचरण अहिरवार, महेन्द्र कुमार लोधी, ऊषा रोहित, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, नीतू यादव, विनय बंशकार, शालिनी जैन, भारती परोचे, एकता तिवारी, अर्चना मौर्य, देवेंद्र पटेल, अभिलाषा अग्रवाल, श्रद्धांजलि उपाध्याय, अवधेश चतुर्वेदी, अनुराग तिवारी, नीलम लोधी, राकेश अग्रवाल, लीलाधर नामदेव, श्यामलाल रजक, नरेश बाल्मीकि इत्यादि लोग उपस्थित रहे जिन्होने वृक्षारोपण किया। इस हेतु महेन्द्र लोधी नें सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### विवाह के लिए दी आर्थिक सहायता



**बोरगांव, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बोरगांव ने सामाजिक पहल करते हुए निर्धन परिवार में विवाह समारोह के लिए जनभागीदारी से आर्थिक सहायोग की पहल शुरु की थी उससे प्रभावित होकर छिंदवाड़ा के राजेंद्र भल्ला द्वारा मदद का हाथ बढ़ाते हुए बच्चों की शादी हेतु 21000 राशि प्रदान की। बोरगांव ग्राम पंचायत के युवा सरपंच पंकज दातारकर ने बताया कि आज भी समाज में अच्छे लोगों की कोई कमी नहीं है जान पहचान ना होते हुई भी सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र भल्ला द्वारा स्वेच्छा से मुझसे संपर्क करते हुए आर्थिक सहयोग करने की बात कही एवं बच्ची को अपनी ओर से 21000 की राशि प्रदान की ऐसे सज्जन पुरुष का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया ।

### रेत उत्खनन पर प्रतिबंध

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने शासन के निर्देशानुसार जिले में मानसून सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए जिले की समस्त रेत खदानों, नदियों एवं नालों से रेत उत्खनन पर 30 जून 2025 मध्यरात्रि से 01 अक्टूबर 2025 तक प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश जारी किये हैं।

### डिप्टी मीडिया अधिकारी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान एवं विदाई समारोह

**सागर, देशबन्धु।** डिप्टी मीडिया अधिकारी आर. के. जड़िया के सेवानिवृत्ति पर आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सागर में बिदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डॉ जी.पी. आर्या जिला स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा आर. के. जड़िया डिप्टी मीडिया अधिकारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। प्रभारी जिला टीकाकरण अधिकारी/डॉ हेमन्त कोष्ठी, श्री आशुतोष घुटे डीपीएम एवं डॉ. आशीष शास्त्री मुख्य लिपिक एवं कर्मचारी संग द्वारा मोमेंटों प्रदान की। इस अवसर पर डॉ जे. एस. धाकड सेवानिवृत्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अभिषेक यादव डीएलओ, जाली शाबू डीपीएचएनओ, डी. पी. राय प्रभारी डिप्टी मीडिया अधिकारी, राजेश श्रीवास्तव डीएएम, रत्ना चौकसे एपीएम, मोहन लाल रोहतास एएसओ, आर. हेमराज अहिरवार, एवं कार्यालयीन अधिकारी / कर्मचारी तथा श्री आर. के. जड़िया के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## उल्लेखनीय कार्य करने वाले जलदूतों का किया सम्मान

### जल गंगा संर्वधन अभियान के समापन पर जिले की सभी जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु ।** जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुर्नजीवन के लिए शासन द्वारा चलाये गए महत्वाकांक्षी जल गंगा संर्वधन अभियान का आज खंडवा के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में समापन किया गया। इस अवसर पर सिवनी जिले के सभी जनपदों, ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।



जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के ग्राम लखनवाड़ा स्थित बैनगंगा नदी तट पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, जनपद अध्यक्ष किरण भलावी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, प्रभारी सीईओ जनपद सुश्री रेखा देशमुख की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बैनगंगा तट पर वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम स्थल पर खंडवा से प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को देखा व सुना गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा अभियान के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले जलदूतों एवं आमजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह जिले की सभी जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित हुए जनपद पंचायत छपारा में जनपद अध्यक्ष सदमसिंह वरकड़े, जनपद उपाध्यक्ष प्रभात सिंह, उपाध्यक्ष नगर परिषद छपारा शिवकांत सिंह के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश दुबे, धनौरा में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह भलावी, उपाध्यक्ष सुदीप मिश्रा, जनपद सदस्य केरसिंह कुमरे, नवल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## तीन सौ परिवारों में किचन गार्डन लगाने हेतु बीज वितरित

**सौसर, देशबन्धु ।** छिंदवाड़ा जिले की एकमात्र संस्था जो कुपोषण से लड़ने के लिए प्रतिवर्ष अनुसार सौसर एवं बिछुआ विकासखंड के 300 परिवारों में किचन गार्डन लगाने हेतु भिंडी, गवार, टमाटर, गिलकी, कद्दू, करेला, चवला आदि बीज उपलब्ध कराकर 4 से 6 महीने तक अपने घर की सब्जी उत्पादन करके पूरे व परिवार सहित रासायनिक रहित सब्जी का उपयोग करने से और नियमित हरी सब्जी खाने से कुपोषण का स्तर कम होते जा रहा है ।



संस्था का उद्देश्य है कि कुपोषण खत्म हो इस दृष्टि से जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश के जिला समन्वयक अखिलेश जैन तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड सामान्य ए अनिल बोबडे एवं नवाकुर संस्था आदिवासी पिछड़े कल्याण संकल्प संस्थान के सचिव एवं स्थानीय प्रस्तुत समिति के सहयोग के माध्यम से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह कार्य प्रारंभ किया है आज का प्रारंभ ग्राम आलेश्वर से किया जो लगातार आजू-बाजू के गांव में 300 परिवारों में यह बीज वितरण किया जाएगा ।

इस कार्य को गति देने के लिए संस्था के सचिव राजेंद्र भक्ते संस्था के अध्यक्ष से शेषराव राजूके।

## प्राचीन बावड़ी की सफाई से वर्षा जल को सहेजना संभव

**सिवनी, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनसमुदाय और जिला प्रशासन की भागीदारी से जिले में मौजूद प्राचीन बावड़ियों, कूप और अन्य जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण का कार्य करने के साथ ही आमजनों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में अनेकों गतिविधियां की गई हैं। जिनके सार्थक परिणाम भी धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।



जलगंगा संवर्धन अभियान

शासन की इस पहल से प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने एवं संवारने से इन जल संरचनाओं को पुनर्जीवन मिल रहा है।

ऐसा ही उदाहरण लखनादौन विकासखंड के ग्राम धूमा की प्राचीन बावड़ी का भी है। अभियान के दौरान स्थानीय स्वप्रेरणा से ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनअभियान परिषद के सदस्यों ने श्रमदान कर इस ऐतिहासिक बावड़ी की साफ-सफाई की है।

कालांतर में उग आई झाड़ियों एवं मिट्टी तथा कूड़ा-करकट को हटाने के उपरांत यह बावड़ी पुनः आकर्षण का केन्द्र बन गई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे महत्वपूर्ण अभियान के कारण वर्षा पूर्व बावड़ी की साफ-सफाई होने से मानसून के दौरान बावडियों में पर्याप्त मात्रा में वर्षाजल एकत्रित होगा, जिसका लाभ क्षेत्रीय ग्रामीणों को तो मिलेगा ही, बल्कि यह बावडियां भू-जल स्तर बढाने में भी मदद करेंगी।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 02 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-उफा।**

मेष - साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा।।

वृषभ - आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

मिथुन - किसी खास काम में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी भी आपसे पराजित होंगे। दोपहर के बाद घर में किसी विवाद का वातावरण बना रहेगा। **क-470-699**

कर्क - आज आपका मन किसी उलझन में रहेगा, इससे आपको किसी विशेष काम करने में निराशा होगी। परिजनों के साथ तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है।

सिंह - आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप प्रत्येक कार्य दृढ़ निर्णयशक्ति से करेंगे। इससे आपको सफलता मिलेगी।

कन्या - आज आपका मन कुछ अधिक इमोशनल रहेगा। इमोशनल होकर किसी तरह का गलत निर्णय ना ले लें, इसका ध्यान रखें।

तुला - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से प्रत्येक काम पूरे होंगे। व्यवसाय में भी आपकी प्रतिभा की प्रशंसा होगी। जॉब में अधिकारी आपके काम से खुश होंगे।

धनु - आप आज धार्मिक बने रहेंगे। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपका व्यवहार भी आज अच्छा रहेगा।

मकर - आज संभलकर रहें। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाह न रहें। नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। इससे आपके बहुत से काम आसानी से बन जाएंगे।

कुंभ - आज साधारण सी बातों पर दांपत्यजीवन में विवाद हो सकता है। सांसारिक बातों में आपका मन नहीं लगेगा। अदालती कामकाज में संभलकर रहें।

मीन - आपका मन आज किसी चिंता में रहेगा। काम की सफलता में आपको विघ्न आएंगे। ऑफिस में साथियों की मदद नहीं मिलेगी। मैरीड कपल के बीच विवाद हो सकता है। **म-250-678**

1,6,4,9,12,69,44,90,07,17,40,99

## जिले का सर्वश्रेष्ठ मोक्षधाम का निर्माण पूर्ण

**लालबर्रा, देशबन्धु ।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा अपने विशेष निर्माण कार्यो के लिए जानी जाती है हाल ही में ग्राम पंचायत के द्वारा ग्राम पांढरवानी लालबर्रा में ग्राम पंचायत स्तर पर बालाघाट जिले का सर्वश्रेष्ठ मोक्षधाम का निर्माण किया गया है।






इस सम्बंध में ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा के युवा सरपंच अनीस खान ने बताया कि हाल ही में ग्राम पंचायत अंतर्गत पांढरवानी में अतरी घोटी रोड पर स्तिथ पांढरवानी में ग्राम पंचायत द्वारा मोक्ष धाम का निर्माण किया गया है जो कि ग्राम पंचायत स्तर पर बालाघाट जिले का सर्वश्रेष्ठ, सर्वसुविधा युक्त सुंदर शांतिधाम का निर्माण किया गया है।

जिसमे बाउंड्रीवाल सहित शोक सभा मंच, शोक सभा स्थल, भगवान शिव की मूर्ति, गेट इत्यादि का निर्माण कार्य किया गया है, इस मोक्ष धाम में पेयजल हेतु हैंडपंप व कुँवा होने के साथ साथ , सीमेंट सड़क, पेवर ब्लाक, पेड़ पौधे भी लगाए गए हैं। सोलर लाइट लगाई गई है, नाडेफ कचरा संग्रहण व सिटिंग चेयर भी बनाये गए हैं।

ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने बताया कि बालाघाट जिले का सर्वश्रेष्ठ इस मोक्ष धाम में गार्डन का भी निर्माण किया जाएगा साथ ही भविष्य में यहाँ ग्रामीण जनों की मांग पर ओपन जिम भी लगाया जा सकता है, साथ ही अनीस खान ने बताया कि पूर्व में लोग मोक्ष धाम जैसी जगह के नाम से डरते थे और वहाँ जाना भी पसंद नहीं करते थे किंतु अब मोक्ष धाम केम्पस में लोग घूमने आ रहे हैं तथा प्रातः काल में व्यायाम व ओपन जिम की मांग की जा रही है जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।

## सेवानिवृत ज्ञानेश्वर मोरे को दी विदाई

**पीपला नारायणवार, देशबन्धु ।** नगर परिषद पीपला नारायणवार में सोमवार को शाम 5 बजे सेवानिवृत ज्ञानेश्वर मोरे ने विगत 35 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे। सहायक कर्मचारी ज्ञानेश्वर मोरे को नगर परिषद के अन्य अधिकारी-कर्मचारी समेत अध्यक्ष व वार्ड पार्षदों ने विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी ।



इस समारोह के अवसर पर मुख्य नगर परिषद अधिकारी डी पी साहू सर एवं नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा कैलाश चौधरी ने कहा कि मोरे जी एक सच्चे व जिम्मेदार कर्मचारी रहे, और अपना कार्य पूरे ईमानदारी से करते रहे इस अवसर पर श्री मोरे जी का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया साथ ही उनके स्वस्थ्य एवं उज्वल भविष्य कामना की।

विदाई कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा कैलाश चौधरी उपाध्यक्ष आरती प्रवीण लामसे पार्षद राजेश चेटगे रामराव मदनकर वामन चौधरी हतेश बालपांडे, हिरामन गजभिए रमेश ढोक कैलाश चौधरी जगदीश त्रिवेदी अरुण लाडसे प्रवीण लामसे बाला चौधरी प्रफूला त्रिवेदी नगर परिषद कर्मचारी देवेंद्र धुर्वे विजय वनकर सारिका चेडगे निशा गुप्ता शुभांगी लवाले रमेश गायकवाड़ शांताराम ठाकरे रामेश्वर विरखड़े नीरज श्रीवास्तव नगर के लोग सहित उपस्थित रहे।